दिनाँक: 16 अप्रैल, 2024 थाना: दातागंज

थाना दातागंज पुलिस द्वारा दहेज हत्या के आरोपियों को किया गिरफ्तार।

श्री आलोक प्रियदर्शी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूँ व अपर पुलिस अधीक्षक नगर जनपद बदायूँ के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी दातागंज, जनपद बदायूँ के कुशल नेतृत्व में अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत उच्चस्तर की सुरागरसी, पतारसी व मुखबिर की सूचना पर थाना दातागंज पुलिस टीम के द्वारा दिनांक 14.04.24 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 172/24 धारा 498A/304B भादवि व 3/4 डीपी एक्ट मे वांछित अभियुक्त 1. सतेन्द्र पाल पुत्र ओमकार पाल, 2. ओमकार पाल पुत्र स्व0 गोकिल व अभियुक्ता 3. श्रीमती गंगा कुमारी पत्नी ओमकार समस्त निवासीगण ग्राम कल्यानपुर थाना दातागंज जिला बदायूँ को आज दिनांक 16.04.2024 को कल्यानपुर जाने वाले मार्ग ग्राम बौरा तिराहे पर पेड के नीचे से गिरफ्तार किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण- अभियुक्तगण द्वारा मृतका श्रीमती प्रियंका पत्नी सतेन्द्रपाल नि0 ग्राम कल्यानपुर थाना दातागंज जनपद बदायूं की गला दबाकर हत्या कर देना ।

पूछताछ का विवरण- दौराने पूछताछ सतेन्द्रपाल उपरोक्त ने बताया कि मेरी शादी अब से करीब 3 साल पहले प्रियंका पुत्री विक्रम नि0 ग्राम मौघटा थाना गढिया रंगीन जिला शाहजहाँपुर के साथ हुई थी। मेरी एक लडकी दिव्या उम्र डेढ साल है। मै अपनी पत्नी प्रियंका से बहुत परेशान रहता था अब से लगभग 5-6 महीना पहले मेरी पत्नी के पेट में बच्चा खराब हो गया था। जिसका इलाज आदित्य ट्रामा सेंटर बरेली में कराया था। जिसके इलाज में साहब करीब एक-सवा लाख रुपया खर्च हो गया था। जिससे मैं कर्जदार हो गया था। इलाज कराने के बाद घर में आने पर मेरी पत्नी प्रियंका मुझसे बार-बार बड़ा फोन लेने की मांग करती थी। हम लोगो में कई बार इस बात को लेकर झगडा भी हुआ था। मेरे माता पिता भी इन सब बातो से मुझसे दुखी रहते थे। हम परेशान हो गये थे। परेशान होकर दिनांक 14.04.24 की सुबह मैने व मेरे माता पिता ने मिलकर प्रियंका को पकडकर उसका गला दबाकर हत्या कर दी साहब उस समय मेरे सिर पर जुनून था। हत्या करने के बाद आत्महत्या जाहिर करने के लिए घर के अन्दर बने कमरे में उसके शव को साडी से लटका दिया था।

गिरफ्तार अभि0गण का विवरण-

1. सतेन्द्र पाल पुत्र ओमकार पाल उम्र करीब 25 वर्ष

2.ओमकार पाल पुत्र स्व0 गोकिल उम्र करीब 60 वर्ष व

3. श्रीमति गंगा कुमारी पत्नी ओमकार उम्र करीब 58 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम कल्यानपुर थाना दातागंज जिला बदायूँ।

बरामदगी का विवरण-*निल

गिरफ्तारी का स्थान व दिनांक/समय-
कल्यानपुर जाने वाले मार्ग ग्राम बौरा तिराहे पर पेड के नीचे से, दि0- 16.04.2024 समय 11.40 बजे,

अपराध करने का तरीका- अभि0गण द्वारा मृतका प्रियंका को पकडकर उसका गला दबाकर हत्या कर देना । हत्या करने के बाद आत्महत्या जाहिर करने के लिए घर के अन्दर बने कमरे में उसके शव को साडी से लटका देना।

पंजीकृत अभियोग का विवरण-
मु0अ0सं0 172/24 धारा 498 A / 304 B भादवि व 3/4 DP ACT

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-
1-उप निरीक्षक संजीव कुमार थाना दातागंज जिला बदायूँ,
2- कां0 2070 शिवा कश्यप थाना दातागंज जिला बदायूँ,
3- कां0 598 सुवेन्द्र कुमार थाना दातागंज जनपद बदायूँ तथा
4- म0कां0 2146 उमा थाना दातागंज जनपद बदायूँ।

सोशल मीडया सेल, बदायूं।